हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 13 सितंबर 2026

तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

11 महिलाओं की खेल प्रतियोगिताओं ने बांधा…



12 गणेश उत्सव की तैयारियां तेज, मूर्तिकार प्रतिमाओं …



खबर संक्षेप

जिले में 15 को स्थानीय अवकाश घोषित

बलौदाबाजार। सामान्य पुस्तक परिपत्र भाग 2, अनुक्रमांक 4 के नियम-8 में विहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने वर्ष 2026 के लिए जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के लिए समस्त शासकीय कार्यालयों तथा संस्थाओं के लिए 15 सितम्बर 2026 को स्थानीय अवकाश घोषित किया है। पूर्व में जारी कार्यालयीन आदेश में आंशिक संशोधन किया गया है। पूर्व आदेश मे अनंत चतुर्दशी के अवसर पर 25 सितम्बर 2026 को स्थानीय अवकाश घोषित किया गया था जिसे निरस्त करते हुए 15 सितम्बर 2026 मंगलवार को नवाखाई पर्व पर जिले मे स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। यह स्थानीय अवकाश बैंक, कोषालय, उप कोषालय के लिए लागू नहीं होगा।

तीजा और गणेश चतुर्थी पर्व कल

खरोरा। नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में 14 सितंबर को तीजा एवं गणेश चतुर्थी का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। तीजा पर महिलाएं व्रत रखकर भगवान शिव एवं माता पार्वती की पूजा-अर्चना करेंगी और पति की दीर्घायु तथा परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करेंगी। वहीं गणेश चतुर्थी पर घरों एवं सार्वजनिक स्थलों पर भगवान श्री गणेश की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत पूजा-अर्चना की जाएगी। श्रद्धालु दूर्वा, मोदक एवं नैवेद्य अर्पित कर सुख-समृद्धि तथा विघ्न-बाधाओं के निवारण की प्रार्थना करेंगे।

जिले में अब तक 989.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज

बलौदाबाजार। जिले में चालू मानसून के दौरान 1 जून से 12 सितंबर 2026 तक 989.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार अब तक तहसील टुण्डरा में 1198 मिमी, बलौदाबाजार में 1129.6 मिमी, पलारी में 1076.7 मिमी, लवन मे 970.4 मिमी, सुहेला 924.6मिमी, सिमगा में 915.0 मिमी, कसडोल 938.9 मिमी, भाटापारा में 936.3 मिमी एवं सोनाखान 813.3 मिमी. वर्षा दर्ज की गई है। इस तरह कुल 8907.1.मिमी वर्षा अभी तक दर्ज की गई है जिसकी औसत वर्षा 989.7 मिमी है।

पड़कीपाली में 15 को ऋषि पंचमी पर आयोजन

बागबाहरा। जय मां काली सेवा समिति पड़कीपाली में गुरु परंपरा के अनुसार काली सेवा समिति पड़की पाली के संरक्षक गुरुदेव प्रमेश्वर निर्मलकर के सानिध्य में मां काली के सभी भक्तों द्वारा ऋषि पंचमी पर्व 15 सितंबर दिन मंगलवार को मनाया जाएगा, जिसमें वैदिक परंपरा एवं ऋषि मुनियों की पूजा की जाएगी। इस अवसर पर सभी धर्म प्रेमियों के लिए भंडारा महाप्रसादी एवं विख्यात मानस मंडलियों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी।

आपसी समझौते से मामलों का हुआ निराकरण, राजीनामा करने वाले पक्षकारों को फलदार पौधों का उपहार

लोक अदालत में 43 हजार से अधिक मामलों का निपटारा, 4 साल पुराना बंटवारा विवाद सुलझा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिले में शनिवार को वर्ष 2026 की तृतीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला एवं तहसील न्यायालयों में किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विनीता वार्नर ने दीप प्रज्ज्वलित कर लोक अदालत का शुभारंभ किया। जिला एवं सत्र न्यायालय के साथ व्यवहार न्यायालय भाटापारा, सिमगा और कसडोल तथा राजस्व न्यायालयों में भी खंडपीठों का गठन किया गया था। नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित प्रकरण, यातायात चालान, अन्य लघु अपराध एवं राजस्व न्यायालयों के मामलों सहित कुल 48,344 प्रकरण रखे गए। इनमें से 43,961 प्रकरणों का निराकरण किया गया। प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, बलौदाबाजार में गठित खंडपीठ की पीठासीन अधिकारी संगीता नवीन तिवारी के समक्ष एक महत्वपूर्ण प्रकरण का आपसी समझौते से निराकरण हुआ। मृतक की दो पत्नियों एवं उनसे उत्पन्न संतानों के मध्य पिछले चार वर्षों से बंटवारे का विवाद लंबित था। अपीलीय न्यायालय द्वारा दोनों पक्षों को सुलह-समझौते के लिए समझाइश दी गई। इसके बाद दोनों पक्ष आपसी सहमति से विवाद समाप्त करने के लिए तैयार हुए। इस तरह चार वर्ष से लंबित बंटवारा विवाद का सुखद समाधान हुआ और पक्षकारों के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध स्थापित हुए।







समझाइश के बाद दंपती फिर साथ रहने को तैयार

कुटुंब न्यायालय बलौदाबाजार में गठित खंडपीठ की पीठासीन अधिकारी राजमान सिंह के द्वारा 23 प्रकरणों का निराकरण किया गया। इनमें विधिक दांडिक प्रकरण क्रमांक 131/2026 भी शामिल रहा। इसमें आवेदिका मंजू सोनी ने अनावेदक सूरज सोनी के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 144 के तहत स्वयं एवं नाबालिग पुत्री रूही सोनी के भरण-पोषण के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था। न्यायालय की समझाइश के बाद दोनों पक्ष अपनी नाबालिग पुत्री के बेहतर भविष्य को ध्यान में रखते हुए पुनः साथ रहकर दांपत्य जीवन निर्वहन करने के लिए तैयार हो गए। इसी प्रकार न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, बलौदाबाजार में पीठासीन अधिकारी प्रशांत कुमार भास्कर की खंडपीठ ने बजरंग ट्रेडर्स विरुद्ध सिद्धि कंस्ट्रक्शन के धारा 138 एनआई एक्ट के प्रकरण का निराकरण किया। यह मामला वर्ष 2021 से लंबित था और पांच वर्ष से अधिक समय बाद दोनों पक्षों की आपसी सहमति से समाप्त हुआ।

राजीनामा करने वालों को फलदार पौधे

नेशनल लोक अदालत में राजीनामा करने वाले पक्षकारों को समझौते के क्षण को स्मृति के रूप में संजोने तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के उद्देश्य से निःशुल्क फलदार पौधों का वितरण किया गया। लोक अदालत में आने वाले पक्षकारों के लिए जिला मुख्यालय बलौदाबाजार के साथ व्यवहार न्यायालय सिमगा, भाटापारा एवं कसडोल में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था भी की गई। इसमें जिला अस्पताल बलौदाबाजार का सहयोग रहा। वहीं, नेशनल लोक अदालत के दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा न्यायालय परिसरों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए।

भाटापारा लोक अदालतः 65 मामलों का मौके पर निपटारा

भाटापारा। राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत में नगर पालिका परिषद भाटापारा द्वारा बकाया करों व लंबित मामलों के त्वरित निराकरण के लिए विशेष पीठ का गठन किया गया था।

लोक अदालत शिविर के दौरान नगर पालिका की टीम द्वारा नागरिकों को जल कर, संपत्ति कर तथा अन्य नगरीय शुल्कों के निपटारे पर छूट व समझौते का लाभ दिया गया। शिविर में कुल 65 प्रकरणों का दोनों पक्षों की सहमति से मौके पर ही सफलतापूर्वक निपटारा किया गया।



इसके माध्यम से नगर पालिका परिषद को कुल 950346 रुपए के बकाया राजस्व की वसूली प्राप्त हुई। नगर पालिका अधिकारी ने लोक अदालत की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि लोक अदालत न केवल न्यायालयीन एवं प्रशासनिक लंबित मामलों को सुलझाने का एक सुलभ माध्यम है, बल्कि इससे आम नागरिकों को आर्थिक राहत व समय की बचत भी होती है। उन्होंने सहयोग प्रदान करने वाले सभी करदाताओं व नागरिकों का आभार व्यक्त किया।

बंगोली अंचल में दो दिन खाया जाएगा कड़ू भात



हरिभूमि न्यूज ⏭ बंगोली

तीज पर्व के आगमन के साथ ही बंगोली अंचल में उत्सव का माहौल है। इस वर्ष तिथियों की गणना के अनुसार तीजहारिन बहनें दो अलग-अलग तिथियों में कड़ भात का नियम पूरा करेंगी। शनिवार को बंगोली के साप्ताहिक बाजार में कड़ भात की परंपरा निभाने के लिए करेले की जमकर खरीदारी हुई। बाजार में करेला 50 रुपये प्रति किलो (थोक/माप) तथा चिल्हर में 60 रुपये प्रति किलो तक बिका। तीजहारिन बहनों ने उत्साहपूर्वक करेले की खरीदारी की। बंगोली सहित नजदीकी ग्रामीण इलाकों कुर्रा, धनसुली और मूरा में तीजहारिन बहनें अपने-अपने कुल पुरोहितों के पंचांग और मान्यताओं के अनुसार शनिवार और रविवार दो दिन कड़ भात खाएंगी। इसके बाद निर्जला उपवास रविवार और सोमवार को रखा जाएगा।

■ 60 रुपए किलो तक बिका करेला

चंदियापथरा मारपीट मामलाः सतनामी समाज ने एसपी से की जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

सिमगा थाना क्षेत्र के ग्राम चंदियापथरा में गत 22 अप्रैल को हीरालाल साहू और धनराज घिदौड़े के बीच हुए विवाद और मारपीट का मामला अब सामाजिक रंग लेता नजर आ रहा है। मामले में सतनामी समाज सिमगा ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा है। समाज ने धनराज घिदौड़े के खिलाफ की गई कार्रवाई के संबंध में निष्पक्ष जांच मांग की गई है। ज्ञापन के मुताबिक, 22 अप्रैल की रात करीब 12 बजे ग्राम चंदियापथरा में धनराज घिदौड़े और हीरा साहू के बीच विवाद हुआ था। इस मामले में धनराज की शिकायत पर



सिमगा पुलिस ने हीरा साहू के खिलाफ छेड़छाड़ एवं एससी/एसटी से संबंधित प्रावधानों सहित धाराओं में कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा था। समाज का आरोप है कि इसके बाद इस व्यक्तिगत विवाद को सामाजिक रूप देते हुए हीरा साहू की ओर से सिमगा थाने के सामने धरना प्रदर्शन किया गया। ज्ञापन में कहा गया है कि धरना प्रदर्शन के दौरान धनराज घिदौड़े के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की गई और कथित तौर पर मामले को दर्ज करने के लिए लगभग पांच दिन का समय लिया गया। वहीं 11 सितंबर को दोपहर करीब 3 बजे पुलिस धनराज घिदौड़े को उसके घर से ले गई और उसके खिलाफ छेड़छाड़ का प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया। जिस संबंध में निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर उचित कार्यवाही की मांग की गई है। यह जानकारी सतनामी समाज सिमगा परिक्षेत्र के अध्यक्ष शत्रुहन मारकंडेय एवं उनके सदस्यों द्वारा दी गई है।

बैंकिंग सेवाएं ठप, एटीएम भी होने लगे खाली



भाटापारा। ऑल इंडिया बैंकिंग एसोसिएशन के आह्वान पर शुक्रवार 11 सितंबर को भाटापारा के सभी सरकारी बैंकों में एक दिवसीय हड़ताल रही। हड़ताल के चलते दिनभर बैंकों के शटर बंद रहे और कामकाज पूरी तरह से ठप रहा। बैंक से जुड़े सूत्रों ने बताया कि कर्मचारी संगठन की प्रमुख मांग है कि महीने के सभी शनिवार को ⏭ शेष पेज 11 पर

एटीएम खाली होने से बढ़ीं परेशानियां

हड़ताल की वजह से शहर के एक दर्जन से अधिक एटीएम पर नकदी निकासी का दबाव बढ़ गया, जिससे कई एटीएम खाली हो गए। लगातार चार दिनों की छुट्टियों (हड़ताल और साप्ताहिक अवकाश) के चलते आने वाले दिनों में और भी कई एटीएम खाली होने की संभावना है, जिससे आम नागरिकों और व्यापारियों की वित्तीय दिक्कतें बढ़ सकती हैं।

186 पौव्वा शराब जब्त दो आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

खरोरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो जगह अवैध शराब पकड़ी। एसडीओपी वीरेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि सारागांव-निलजा मोड़ मेन रोड के पर पहली रेड की। यहां प्रवीण देवांगन के पास से 138 पौवा देशी मदिरा जब्त की गई। शराब सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में रखी थी। कुल मात्रा 24 लीटर 840 मिली निकली। कीमत 113,800 रुपए बताई गई। आरोपी प्रवीण देवांगन पिता स्वर्गीय जगन्नाथ देवांगन उम्र 37 साल, निवासी सारागांव बस स्टैंड के पास है। इस मामले में अपराध क्रमांक 438/26धारा 34 (2) आबकारी एक्ट दर्ज किया गया। दूसरी कार्रवाई लेबर कॉलोनी रायखेड़ा में हुई। यहां हरिशंकर उर्फ भद्दर के पास से 48 पौवा देशी शराब जब्त की गई। शराब लाल-काले रंग की प्लास्टिक बोरी में रखी थी। कुल मात्रा 08 लीटर 640 मिली निकली। कीमत 4,800 रुपए बताई गई। आरोपी हरिशंकर उर्फ भद्दर पिता भागबली मधुकर, उम्र 23 साल, निवासी ठेलकी वार्ड क्रमांक 03 थाना पलारी, हाल पता ग्राम रायखेड़ा लेबर कॉलोनी है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को शराब रखने के संबंध में नोटिस दिया। आरोपियों ने कोई कागजात नहीं होना लिखित में दिया। पुलिस ने मौके पर दोनों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी की सूचना परिजनों को अलग-अलग दी गई। दोनों को न्यायिक रिमांड पर कोर्ट में पेश किया गया। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा के निर्देश पर हुई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चंचल तिवारी के मार्गदर्शन में हुई। अनुविभागीय अधिकारी विधानसभा वीरेन्द्र चतुर्वेदी के पर्यवेक्षण में हुई। थाना प्रभारी खरोरा के नेतृत्व में टीम ने रेड की।

अनोखा विरोध : बदहाल सड़कों को लेकर फूटा आक्रोश

कांग्रेस आयोजित करेगी सड़कों की खोज प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा

शहर की बदहाल सड़कों ने अब लोगों का गुस्सा सड़क पर ला दिया है। शहर की शायद ही कोई प्रमुख सड़क या गली ऐसी बची हो, जहां गड्ढों की भरमार न हो। बारिश के बीच जगह-जगह जलभराव और नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बहने से हालात और बदतर हो गए हैं।

- गड्ढों और जलभराव से शहरवासी परेशान
- सड़कों की खोज प्रतियोगिता में सही सड़क बताने वाले को मिलेगा पुरस्कार



पुराना पेट्रोल पंप मार्ग पर घुटनों तक पानी

पुराना पेट्रोल पंप वाली सड़क पर जलभराव की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। यहां बारिश के पानी के साथ नालियों का गंदा पानी भी सड़कों पर बह रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पालिका प्रशासन को लगातार समस्या से अवगत कराने के बावजूद स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में सीएमओ से चर्चा की गई, जिस पर उन्होंने बारिश खत्म होने के बाद सड़कों की व्यवस्थित मरम्मत कराने की बात कही है।

शहरवासियों का सवाल है आखिर कब तक नारकीय हालात में जीना पड़ेगा? कल से गणपति बप्पा का 10 दिवसीय महोत्सव शुरू होने जा रहा है। ऐसे में सड़कों की बदहाली और जलभराव ने श्रद्धालुओं की चिंता बढ़ा दी है। लोगों का कहना है कि बारिश और गंदगी के बीच यदि सड़कों की यही स्थिति रही तो गणपति पंडालों और मंदिरों तक पहुंचना भी मुश्किल होगा। बारिश ने वैसे ही शहर की रौनक फीकी कर दी है, ऊपर से टूटी सड़कें और गंदगी लोगों की परेशानी बढ़ा रही हैं। सड़कों की स्थिति को लेकर कांग्रेस ने अब सरकार और नगर पालिका प्रशासन पर तंज कसते हुए अनोखे अंदाज में विरोध करने का निर्णय लिया है। कांग्रेस शहर अध्यक्ष अजितेश शर्मा ने बताया कि पार्टी जल्द ही 'सड़कों की खोज' ⏭ शेष पेज 11 पर

करोड़ों खर्च, फिर भी सड़कें बदहाल

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि शहर की सड़कों पर करोड़ों रुपये खर्च किए जाने के बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हुआ है। शहर की प्रमुख सड़कें स्टेशन चौक से दुर्गा मंदिर तथा दीनदयाल चौक से सिंधी कैंप होते हुए अग्रसेन चौक तक गड्ढों से भरी पड़ी हैं। कांग्रेस का दावा है कि इन सड़कों पर एक-दो नहीं, बल्कि सैकड़ों गड्ढे हैं, लेकिन जिम्मेदारों का ध्यान इस ओर नहीं है। पार्टी ने यह भी आरोप लगाया कि गड्ढों की मरम्मत के नाम पर गुणवत्ता से समझौता किया गया। कांग्रेस के अनुसार डामरीकरण वाली सड़कों के गड्ढों में मुरुम और निर्माण कार्यों से निकला मलबा डालकर खानापूर्ति की गई, जो बारिश के बाद फिर उखड़ गया।

टैक्स लेते हैं तो सुविधाएं क्यों नहीं?

शहरवासी भी अब खुलकर अपनी नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। स्थानीय निवासी राजू राजपाल ने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि शहर में ऐसे बुरे दिन देखने पड़ेंगे। उन्होंने कहा कि यदि लोग टैक्स नहीं पटाते हैं तो नालों के कनेक्शन काट दिए जाते हैं और सफाई संबंधी शुल्क नहीं देने पर सफाई व्यवस्था रोक दी जाती है। लेकिन नगर पालिका होने के बावजूद शहर में पसरी गंदगी और बदहाल सड़कों की सफाई व मरम्मत नहीं हो रही है, तो आखिर जनता अपनी फरियाद लेकर कहां जाए? गणेश उत्सव शुरू होने से पहले शहर की सड़कों और नालियों की स्थिति ने नगर पालिका की व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना होगा कि प्रशासन केवल बारिश थमने का इंतजार करता है या त्योहार से पहले लोगों को राहत देने के लिए तत्काल कोई ठोस कदम उठाता है।

खबर संक्षेप



खुले बिजली पोल की चपेट में आया ऊंट, करंट से घायल

रायपुर। मोतीबाग के सामने सालेम स्कूल के बाहर उस समय अफरातफरी मच गई, जब सड़क किनारे पत्ते खा रहा एक ऊंट खुले पड़े बिजली पोल के करंट की चपेट में आ गया। जानकारी के अनुसार, ऊंट सड़क से गुजर रहा था। इसी दौरान उसका पैर खुले पड़े बिजली पोल से लग गया, जिससे उसे जोरदार करंट लग गया और वह घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना तत्काल डॉयल 112 पर दी गई, जिसके बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी को मौके पर बुलाया गया। राहत दल ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और ऊंट को सुरक्षित निकालने की कार्रवाई की। घटना ने सड़क किनारे खुले पड़े बिजली पोल और सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग से ऐसे खुले बिजली पोल को तत्काल दुरुस्त कराने की मांग की है, ताकि दोबारा इस तरह का हादसा न हो।

कार से गांजा बरामद धरा गया तस्कर

रायपुर। महासमुंद से रायपुर गांजा लेकर आ रहे तस्कर को तेलीबांधा



पुलिस तथा एएनटीएफ की टीम ने गिरफ्तार कर कार जब्त की है। ढाई किलो के करीब गांजा के साथ पुलिस ने भीमसेन अग्रवाल को गिरफ्तार किया है। आरोपी को गिरफ्तार करने पुलिस ने ट्रैप टीम तैनात की थी। तस्कर को पुलिस ने जोरा में स्कूल के पास ट्रैप कर कार की तलाशी लेकर गांजा जब्त किया।

वारंटियों के खिलाफ कार्रवाई

रायपुर। अपराधों की रोकथाम एवं फरार अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से रायपुर कमिश्नरेट के सेंट्रल जोन क्षेत्र में प्रतिबंधात्मक कार्रवाई, आर्म्स एक्ट के प्रकरणों में कार्रवाई तथा फरार वारंटियों की धरपकड़ का अभियान चला रही है। इसी क्रम में डीसीपी सेंट्रल तारकेश्वर पटेल के निर्देशन में एवं एडिशनल डीसीपी विवेक शुक्ला के मार्गदर्शन में तीन दिवसीय विशेष वारंट अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कुल 87 वारंट तामील किए गए, जिनमें 49 स्थायी वारंट एवं 38 गिरफ्तारी वारंट शामिल हैं।

अस्पताल आपदा प्रबंधन योजना पर कार्यशाला

रायपुर। छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य संस्थानों की आपदा एवं आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की क्षमता को सुदृढ़ करने तथा अस्पताल आपदा प्रबंधन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से रायपुर में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आपदा प्रबंधन व यूनिसेफ के तकनीकी सहयोग से किया गया।

बस्तर में परचून गाड़ियों को ब्लैकलिस्ट किए जाने से ट्रांसपोर्टरों में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बस्तर क्षेत्र में परचून एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं का परिवहन करने वाले रायपुर के ट्रांसपोर्टरों की गाड़ियों को ब्लैकलिस्ट किए जाने तथा परिवहन में बाधा उत्पन्न किए जाने से भारी नाराजगी व्याप्त है।

छत्तीसगढ़ परिवहन संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि रायपुर क्षेत्र से बस्तर में किराना, दवाई, कपड़ा, मनिहारी, हार्डवेयर एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं का नियमित रूप से परिवहन किया जाता है। इन वस्तुओं की आपूर्ति बाधित होने और परिवहन लागत बढ़ने का सीधा असर बस्तर क्षेत्र के व्यापारियों और आम उपभोक्ताओं पर पड़ेगा।

समझौते के बावजूद गाड़ियों के परिवहन में बाधा डाल रहे

उन्होंने कहा कि लगभग छह वर्ष पूर्व तत्कालीन सरकार की तरफ से पुलिस प्रशासन की मध्यस्थता में बस्तर परिवहन संघ, रायपुर-कोरापुट परिवहन संघ तथा रायपुर-बस्तर परचून परिवहन संघ से जुड़े ट्रांसपोर्टरों के बीच आपसी सहमति से समझौता हुआ था। इस समझौते में यह तय किया गया था कि रायपुर क्षेत्र से बस्तर के लिए परचून का माल लेकर जाने वाली गाड़ियों के संचालन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न नहीं की जाएगी। इसके बावजूद वर्तमान में उक्त समझौते की भावना के विपरीत रायपुर से बस्तर क्षेत्र में परचून का परिवहन करने वाली गाड़ियों को ब्लैकलिस्ट करने एवं उनके संचालन को प्रभावित करने की कार्रवाई की जा रही है।

व्यापारी-उपभोक्ताओं पर असर



आंदोलन की चेतावनी दूसरे राज्य के ट्रांसपोर्टर समर्थन में

उन्होंने कहा कि बैठक में हुई चर्चा में इस मामले का शीघ्र समाधान नहीं निकाले जाने पर परिवहन से जुड़े संगठनों एवं ट्रांसपोर्टरों को आगे की रणनीति पर सामूहिक रूप से आंदोलन का निर्णय लिया जाएगा। इस आंदोलन के समर्थन में प्रदेश के दो बड़े परिवहन संघ छत्तीसगढ़ परचून परिवहन एवं राजधानी गुड्स ट्रांसपोर्ट ऑपरेटर एसोसिएशन ने भी समर्थन देने की सहमति जताई है। उन्होंने कहा कि मांग पूरी नहीं हुई तो मंगलवार से लगभग 400 गाड़ियों के पहिए थम जाएंगे। उनकी मांग के समर्थन में बस्तर क्षेत्र से जुड़े ओडिशा के भी ट्रांसपोर्ट्स हैं।

आम जनता पर पड़ेगा अतिरिक्त बोझ

संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि यदि इस प्रकार परिवहन व्यवस्था को बाधित किया जाता है तो माल की ढुलाई की लागत बढ़ना स्वाभाविक है। इसका सीधा असर किराना, दवाइयों, कपड़े, मनिहारी, हार्डवेयर सहित रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं के दामों पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि आम लोगों के साथ व्यापारियों का कारोबार भी इससे प्रभावित होगा। सभी की परेशानी बढ़ेगी।

प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग

इस मामले को लेकर ट्रांसपोर्टरों की बैठक हुई। इसमें चर्चा के बाद शासन-प्रशासन, परिवहन विभाग एवं संबंधित सभी संगठनों से मांग की है कि इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर पुराने समझौते का पालन सुनिश्चित कराई जाए, साथ ही ब्लैकलिस्ट की गई गाड़ियों के संचालन पर लगी बाधा को समाप्त किया जाए।

वन शहीद दिवस : शहीद वनकर्मियों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजीव स्मृति वन में शुक्रवार को 22वें वन शहीद दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वनों और वन्यजीवों की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले प्रदेश के अमर वन शहीदों को समस्त वन बल एवं शासन की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वन शहीद दिवस में मुख्य अतिथि वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के एसीएस मनोज कुमार पिंगुआ रहे। अध्यक्षता वनबल प्रमुख अरुण कुमार पाण्डेय ने की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि राज्य का 44 प्रतिशत अभिलिखित वनक्षेत्र, हरियाली और जैवविविधता मैदानी वन अमले की चौकसी पर ही टिकी है। वर्ष 1985 में जशपुर के वनरक्षक स्व. बुधराम भगत से लेकर 2025 में कांकेर के वनपाल स्व. नारायण सिंह यादव तक, वृक्ष और वन्यजीव बचाने के लिए प्राण देने की यह परंपरा अखंड रही है। अपर मुख्य सचिव ने आश्वस्त किया कि शासन शहीद परिवारों के कल्याण के प्रति पूर्ण संवेदनशील है। अनुकंपा नियुक्तियां प्राथमिकता के आधार पर दी जा रही हैं, और उत्कृष्ट कार्य करने वाले वनकर्मियों को वानिकी दिवस 2027 में सम्मानित किया जाएगा।

स्मरण से अधिक संकल्प का दिवस और आत्मीय जुड़ाव



पीसीसीएफ एवं वनबल प्रमुख अरुण कुमार पाण्डेय ने अपने संबोधन में वन विभाग के उन वीर कर्मचारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने स्पष्ट किया कि यद्यपि वनरक्षकों को 'एक्स-ग्रेशिया' (अनुग्रह राशि) जैसी आर्थिक सहायता दिलाने के प्रशासनिक प्रयास जारी हैं, लेकिन शहीद परिवारों के लिए वित्तीय मदद से कहीं अधिक महत्वपूर्ण उनके साथ भावनात्मक रूप से जुड़े रहना है। कार्यक्रम में एक विशेष स्मारिका का भी विमोचन किया गया, जिसमें प्रत्येक शहीद का जीवनवृत्त और कल्याणकारी प्रावधान संकलित है।

प्रति रीडिंग जलकर तय नहीं, इसलिए योजना भी डंप

80 हजार वाटर मीटर लगे, पर जलकर तय नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पानी की बर्बादी पर अंकुश लगाने, खपत के आधार पर वास्तविक टैक्स और इसके सही प्रबंधन के लिए राजधानी रायपुर में स्मार्ट सिटी लिमिटेड और अमृत मिशन योजना के तहत ट्रायल के रूप में 80 हजार से अधिक घरों में वाटर मीटर नल कनेक्शन लगाए गए हैं। इन घरों में मीटर तो लगा दिए गए, लेकिन अब तक कहीं भी मीटर रीडिंग के अनुसार जलकर शुल्क लेने की प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई है। इस तरह यह योजना पिछले कई साल से डंप है। स्थिति यह है कि जिन घरों के बाहर ये मीटर कनेक्शन लगाए गए थे, उनके बॉक्स में लगे पीतल के वॉल्व तक चोरी हो चुके हैं।

2015 में शुरू की गई योजना

आधिकारिक सूत्र के अनुसार, नगर निगम रायपुर में वर्ष 2015 में 24x7 जलापूर्ति योजना वाटर मीटर लगाने और मीटर आधारित बिलिंग की प्रक्रिया की शुरुआत हुई थी। इस योजना के तहत ट्रायल के रूप में स्मार्ट सिटी ने अगस्त में घर-घर में पानी पहुंचाने के शुरुआती चरण में 3 जोन के लगभग 7 हजार नल कनेक्शनों में वाटर मीटर लगाने और मीटर रीडिंग के आधार पर पानी का बिल लेने की योजना पर काम शुरू किया था।

मीटर रीडिंग शुल्क तय नहीं



घर-घर में वाटर मीटर कनेक्शन लगाने की प्रक्रिया ट्रायल के रूप में शुरू की गई, लेकिन यह योजना तभी पूरी तरह से लागू हो पाएगी, जब पानी की खपत के अनुसार मीटर रीडिंग शुल्क तय कर उसे पारित कराया जाएगा।

मीटर की रीडिंग टेस्ट कर रहे

जिन वार्डों के घरों में वाटर मीटर लग चुके हैं, उनमें कुछेक में ट्रॉयल के रूप में पानी की खपत और मीटर की रीडिंग टेस्ट की जा रही है। इस रिपोर्ट के आधार पर जलकर तय कर इस योजना को पूर्ण रूप से लागू करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।
संबित मिश्रा, आयुक्त नगर निगम रायपुर

सदर बाजार वार्ड में वाटर मीटर रीडिंग का हो चुका ट्रॉयल

नगर निगम प्रशासन ने मीटर रीडिंग के अनुसार नल जल कर लेने के लिए सदरबाजार वार्ड और मौलाना अब्दुल रऊफ वार्ड के कुछ इलाकों के घरों में लगाए गए वाटर मीटर रीडिंग का ट्रॉयल भी कराया है। इस ट्रॉयल में कई घरों में प्रतिदिन कितनी मात्रा में पानी की खपत हो रही है तथा रीडिंग कितनी हो रही है, इसकी जांच कराकर रिपोर्ट तैयार कराई गई है।

सैकड़ों घरों के वॉल्व हो गए चोरी

ट्रायल के रूप में हजारों घरों में लाखों रुपए खर्च कर वाटर मीटर कनेक्शन लगाए गए है। इसके लिए घरों में बॉक्स भी लगाए गए। ये बॉक्स घर मालिकों के कहने पर किसी के घर के अंदर तो किसी के यहां घर के बाहर दीवार पर लगाए गए। जिन लोगों ने घरों के बाहर ये बॉक्स लगवाए थे, उनमें से ज्यादातर घरों के बॉक्स में लगे पीतल के वॉल्व चोरी हो चुके हैं।

अमृत मिशन योजना के तहत 60 हजार घरों में वाटर मीटर

स्मार्ट सिटी के बाद अमृत मिशन योजना के तहत घरों में वाटर मीटर कनेक्शन लगाने की प्रक्रिया शुरू की गई। सूत्र के अनुसार, इसके तहत करीब 14 वार्डों में 60 हजार वाटर मीटर कनेक्शन लगाए गए हैं। इस तरह स्मार्ट सिटी और अमृत मिशन योजना के तहत निगम क्षेत्र में लगभग 80 हजार से अधिक वाटर मीटर कनेक्शन घरों में लगाए जा चुके हैं।

5जी मोबाइल के दाम 75 फीसदी तक बढ़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अमेरिका, इजरायल और ईरान युद्ध की आग में स्मार्ट फोन भी आ गए हैं। 5जी स्मार्ट फोन की कीमत अब 75 फीसदी तक बढ़ गई है। राजधानी रायपुर के कारोबारियों के मुताबिक, अब कोई भी 5जी मोबाइल 20 हजार से कम का नहीं आ रहा है। ऐसे में ग्राहक अपने बजट के हिसाब से 10 से 15 हजार में या तो 4जी मोबाइल ले रहे हैं या फिर पुराने मोबाइल खरीद रहे हैं। पुराने मोबाइल की ज्यादा डिमांड के कारण इसकी भी कमी हो गई है। मोबाइल के दाम में आग लगने का सबसे बड़ा कारण चिप की कमी है।

स्मार्ट फोन के लिए सबसे जरूरी चिप है। इसकी जहां युद्ध के कारण सप्लाई प्रभावित हो गई है, वहीं चिप की कमी भी है। चिप की कमी का कारण यह बताया जा रहा है कि चिप बनाने वाली कंपनियां अब ज्यादा ध्यान एआई की तरफ दे रही हैं। ऐसे में कंपनियां एनवीडिया की एआई चिप बना रही हैं। यह चिप ज्यादा महंगी बिकती है। चिप की कमी के कारण सबसे ज्यादा बिकने वाले मोबाइल वीवो, सैमसंग, ओपो, रियलमी, शाओमी, टेक्नो सहित ज्यादातर मोबाइल के मॉडल महंगे हो गए हैं। टेक्नो का जो मोबाइल 22 हजार का था, उसे पहले 29 हजार किया गया।

चिप की कमी के कारण लगातार बढ़ रहे हैं दाम



चिप के दाम डबल से ज्यादा

कारोबारियों का कहना है कि मोबाइल में लगने वाले चिप के दाम अब करीब ढाई गुना हो गए हैं। मोबाइल के दाम में चिप का हिस्सा करीब 20 से 25 फीसदी रहता है, जो अब 50 फीसदी से ज्यादा हो गया है। यही वजह है कि मोबाइल के दाम भी 60 से 75 फीसदी तक बढ़ गए हैं। चिप के दाम बढ़ने के कारण मोबाइल की उत्पादक कंपनियां अपने मॉडल के दाम बढ़ाकर ग्राहकों से वसूली कर रही हैं।

650 किलो नकली पनीर बरामद फैक्ट्री का लायसेंस होगा निलंबित

बिरगांव की फैक्ट्री में हुआ था तैयार, ओडिशा ले जाते जोरा के पास पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रतिबंध के बाद भी राज्य में एनालॉग पनीर का कारोबार बंद नहीं हुआ है। बिरगांव की फैक्ट्री में तैयार होने के बाद ओडिशा ले जा रहे 650 किलो नकली पनीर को जोरा के समीप पकड़ा गया। जांच में इसके अमानक होने की पुष्टि के बाद कारोबारी का लायसेंस निलंबित करने की तैयारी है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने मंगल-बुधवार की दरमियानी रात पिकअप वाहन से पनीर बरामद किया था।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने मिल्क पावडर से बनने वाले पनीर और अन्य उत्पादों पर प्रतिबंध लगाया है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम इसकी रोकथाम के लिए लगातार दावे कर रही है, इसके बाद भी एनालॉग बनाने का काम यहां चोरी-छिपे जारी है। मंगल-बुधवार की दरमियानी रात एफडीए की टीम ने जोरा मॉल के पास ओडिशा पासिंग पिकअप वाहन में 650 किलो पनीर संदेह के आधार पर जब्त किया था। शक के आधार पर पनीर के सैंपल जांच के लिए भेजे गए थे, जो अनसेफ पाया गया है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि है पनीर का निर्माण बिरगांव में किसी अशुंल बंसल के ठिकाने पर किया गया था और उसे ओडिशा भेजा जा रहा था। कारोबारी के पास एनालॉग, पनीर सहित डेयरी प्रोडक्ट बनाने का लायसेंस था। प्रतिबंध के दौरान एफडीए की टीम के सामने उसने एनालॉग नहीं बनाने का आश्वासन दिया था। ओडिशा से मिले आर्डर और कमाई के लालच में उसने पनीर का निर्माण किया था तथा उसे ओडिशा भेज रहा था। इस मामले में अन्य प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद कारोबारी का लायसेंस निलंबित करने की कार्रवाई की जाएगी।

पीड़ित महिला को एम्स से फार्म भरवाने का झांसा देकर उनके जेवर लेकर हुई चंपत

मां के उपचार के लिए सरकारी मदद का झांसा, गहने ले भागी महिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एम्स में अपनी मां की उपचार कराने आई एक महिला को अज्ञात महिला ने सरकारी मदद दिलाने का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाया है। पीड़ित महिला ने बताया कि अज्ञात महिला ने उसे फार्म भरवाने के बहाने अपने साथ आंबेडकर अस्पताल चलने के लिए विवश किया। इसके बाद रास्ते में उसके पायल, चांदी का कड़ा तथा सोने का मंगल सूत्र उतरवाकर अपने पास रख ली और बीच रास्ते में उसे छोड़ जेवर लेकर फरार हो गई।

दुर्ग नंदनी निवासी दामिनी पॉल ने आमानाका



थाने में शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया कि उसकी मां का एम्स में ऑपरेशन हुआ है। एम्स में एक अधेड़ महिला जो अपने मुंह को स्कार्फ से ढंकी थी। वो महिला के पास पहुंची और उसे अपनी मां का उपचार कराने सरकार से 40 हजार रुपए मदद दिलाने का झांसा दिया। इसके बाद अज्ञात महिला उसे फार्म भरवाने आंबेडकर अस्पताल चलने की बात कहते हुए अपने साथ ऑटो में ले गई। महिला के अनुसार, रास्ते में अज्ञात महिला ने उनके जेवर उतरवाकर अपने पास रख लिए। फूल चौक के पास अज्ञात महिला दामिनी को उतारकर फार्म लाने का झांसा देकर रफूचक्कर हो गई। महिला की शिकायत पर पुलिस एम्स अस्पाताल में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर कार्रवाई करने की बात कह रही है।

स्वामी आत्मानंद स्कूल में आत्महत्या रोकथाम पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा




स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 7 से 12 सितंबर तक आयोजित होने वाले विश्व आत्महत्या रोकथाम सप्ताह के अंतर्गत दिनांक 12 सितंबर 2026 को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय गनियारी में आत्महत्या रोकथाम एवं जागरूकता कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला में जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत जिला अस्पताल पंडरी रायपुर के प्रशिक्षक ममता गोस्वामी क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट एवं राजेश्वरी ध्रुव क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट के द्वारा छात्रों को चलो बात करे के तर्ज पर परीक्षा के तनाव से बचने, चिंता, अवसाद, चिड़चिड़ापन एवं आत्महत्या रोकथाम के लिए जागरूकता एवं उनके बचाव के तरीके तथा पहचान के बारे में विस्तार से विभिन्न गतिविधियों एवं खेल के द्वारा जानकारियां प्रदान की गई। कार्यशाला के सफलतापूर्वक संपादन में संस्था के प्राचार्य के. एल. टोप्पो का मार्गदर्शन एवं शाला विकास समिति अध्यक्ष यशवंत वर्मा का विशेष सहयोग एवं समन्वय रहा। इस अवसर पर शिक्षक माया मैडम, राजपूत मैडम, मधु मैडम, सची मैडम एवं समस्त स्टाफ सहित सदस्य श्री दिलेश्वर वर्मा उपस्थित रहे।

सोलर वेंडर के रूप मे कराया पंजीयन, छतों पर लगा रही सोलर

सोलर दीदी बन आत्मनिर्भर हो रहीं ग्रामीण महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत जिले में ग्रामीण महिलाओं को सौर ऊर्जा के क्षेत्र से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने की एक अनुकरणीय पहल शुरू की गई है। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) से जुड़ी स्व-सहायता समूहों की महिलाएं अब 'सोलर दीदी' के रूप में पहचान बना रही हैं। इसी क्रम में विकासखंड बलौदाबाजार के ग्राम दसरमा में हितग्राही तारनी घृतलहरे के घर 3 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल सिस्टम सफलतापूर्वक स्थापित किया गया है। यह पूरी



कार्ययोजना कलेक्टर कुलदीप शर्मा एवं जिला पंचायत बलौदाबाजार की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री दिव्या अग्रवाल के मार्गदर्शन में संचालित की जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को केवल योजनाओं के लाभ तक सीमित न रखकर, उन्हें सौर ऊर्जा आधारित तकनीकी कार्यों में रोजगार व उद्यमिता से जोड़ना है।

संकुल संगठन ने स्वयं कराया वेंडर पंजीयन

इस पहल की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि बिहान के तहत गठित संकुल स्तरीय संगठन ने स्वयं को आधिकारिक सोलर वेंडर के रूप में पंजीकृत कराया है। वेंडर पंजीयन के बाद अब बिहान की प्रशिक्षित 'सोलर दीदियां' सीधे ग्राउंड लेवल पर जाकर हितग्राहियों के घरों में सोलर पैनल लगाने का कार्य संभाल रही हैं।

पर्यावरण संरक्षण के साथ आर्थिक सशक्तिकरण

सोलर दीदियों द्वारा किए जा रहे इस कार्य से ग्रामीण महिलाओं में तकनीकी दक्षता और व्यावसायिक कौशल का विकास हो रहा है। इससे एक ओर जहां स्वच्छ ऊर्जा एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिल रहा है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण परिवारों को बिजली बिल में राहत मिल रही है।

बेशकीमती जमीन पर कब्जा, चला बुलडोजर

रायपुर। अग्रसेन धाम के पास फुंडहर में बेशकीमती जमीन पर किए गए



अवैध कब्जे को शुक्रवार को राजस्व विभाग की टीम ने हटाने की कार्रवाई की। नायब तहसीलदार ज्योति सिंह और हल्का पटवारी की मौजूदगी में कार्रवाई करते हुए जमीन उसके मालिक यशोदा एसोसिएट को सौंप दी गई। फुंडहर स्थित खसरा नंबर 54/127 की करीब 0.0352 हेक्टेयर जमीन पर जमीन एक कारोबारी ने कब्जा किया था। जमीन पर कब्जे को लेकर यशोदा एसोसिएट ने राजस्व कोर्ट में आवेदन दिया था। इस मामले में लंबे समय तक सुनवाई चली। दोनों पक्षों के दस्तावेजों की जांच के बाद राजस्व कोर्ट ने यशोदा एसोसिएट के पक्ष में फैसला सुनाया।

कन्वेंशनल हॉल के डिजाइन में मिलीं तकनीकी खामियां, जीटी डिजाइन स्टूडियो का अनुबंध निरस्त

रायपुर। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल ने निर्माण कार्यों में तकनीकी गुणवत्ता, डिजाइन की शुद्धता और सुरक्षा मानकों को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए वास्तुविद फर्म जीटी डिजाइन स्टूडियो रायपुर के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए न केवल उसका अनुबंध निरस्त कर दिया है, बल्कि भविष्य में मंडल से संबंधित योजनाओं के लिए फर्म को ब्लैक लिस्टेड भी किया है। बताया गया कि यह कार्रवाई जिला कोरबा में निर्मित कन्वेंशनल हॉल के निर्माण की डिटेल डिजाइन में त्रुटियां एवं तकनीकी प्रस्ताव में कमियां पाए जाने के पर की गई है। मंडल के निर्देश के अनुसार जीटी डिजाइन स्टूडियो रायपुर द्वारा वर्तमान में विभिन्न संभागों के अंतर्गत वास्तुविद संबंधी कार्य, योजनाओं में अनुबंध समाप्त करने की कार्रवाई की जाएगी। इनमें रिडेवलपमेंट योजना, कैलाश नगर, राजनांदगांव, रिडेवलपमेंट योजना, रामानुजगंज, जिला बलरामपुर, आवासीय योजना, कबीर नगर फेस-2 (5 एकड़ भूमि) तथा अटल विहार योजना, बंधी, जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही शामिल हैं।

खबर संक्षेप

आमापारा रिकोकला में डांस प्रतियोगिता 19 को

सेल। गणेश उत्सव को उत्साह, उमंग और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर करने के उद्देश्य से आदर्श युवा गणेश उत्सव समिति आमापारा रिकोकला द्वारा 19 सितंबर को शाम 7 बजे से भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता को लेकर युवाओं, कलाकारों और ग्रामीणों में खासा उत्साह है। प्रतियोगिता में एकल, युगल एवं सामूहिक डांस की तीन श्रेणियां रखी गई हैं। प्रत्येक श्रेणी में चार-चार पुरस्कार दिए जाएंगे। इस तरह कुल 12 पुरस्कारों के लिए प्रतिभागियों के बीच मुकाबला होगा। विजेताओं को आकर्षक नगद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता का उद्देश्य केवल प्रतिस्पर्धा कराना नहीं, बल्कि ग्रामीण अंचल में छिपी नृत्य प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध कराना और युवाओं को अपनी कला एवं प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर देना है। डीजे की धुनों पर कलाकारों की प्रस्तुतियों से आमापारा रिकोकला में उत्सव का माहौल बनने की उम्मीद है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत कसडोल के उपाध्यक्ष देवानंद नायक होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत रिकोकला के सरपंच राजकुमार दीवान करेंगे। मंच संचालन प्रमोद कुमार साहू एवं दिनेश त्रिवेदी करेंगे। प्रतियोगिता को निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के लिए निर्णायक मंडल की व्यवस्था भी की गई है। आदर्श युवा गणेश उत्सव समिति के अध्यक्ष निरेंद्र दीवान, उपाध्यक्ष हिरा दीवान सहित समिति के सदस्य आयोजन की तैयारियों में जुटे हैं।

भारतीय किसान संघ की बैठक हुई

महासमुंद। भारतीय किसान संघ की जिला बैठक देव संस्कृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संपन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ देव संस्कृतिप्राचार्य एवं प्रकाश गिरी द्वारा भगवान बलराम एवं भारत माता की छाया चित्रों पर पुष्पमाला एवं दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया।

पेज 9 के शेष

कांग्रेस आयोजित ...

नाम से निबंध एवं फोटो प्रतियोगिता आयोजित करेगी। इसमें शहर का कोई भी व्यक्ति भाग ले सकेगा। कांग्रेस ने कहा कि शहर में रहने वाला कोई भी व्यक्ति यदि मुख्य सड़कों या गलियों में एक ऐसी सड़क दिखा दे, जो पूरी तरह सही-सलामत हो, तो उसे पार्टी की ओर से पुरस्कार दिया जाएगा। प्रतियोगिता की तारीख और मोबाइल नंबर जल्द जारी किए जाएंगे। प्रतिभागी अपने फोटो अथवा लिखित निबंध के माध्यम से अपनी बात रख सकेंगे।

बैंकिंग सेवाएं ठप...

अवकाश घोषित किया जाए। इसके अलावा परफॉर्मेंस लिंक्ड इंसेंटिव का लाभ बैंक के सभी कर्मचारियों को पूरे साल के आधार पर मिले, जो वर्तमान में केवल सीनियर अफसरों तक ही सीमित है। कर्मचारी नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र विचार नहीं किया गया, तो बैंकिंग एसोसिएशन लंबी और अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा सकता है।

पर्व : पोरा तिहार पर निकली भोजली विसर्जन यात्रा, ग्राम देवी-देवताओं के स्थानों पर की पूजा

गूंजे देवी गंगा भोजली के गीत आस्था के साथ मां को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी



छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक परंपरा, आस्था और सांस्कृतिक विरासत से जुड़े पोला एवं भोजली पर्व का अर्जुनी सहित आसपास के गांवों में श्रद्धा और उल्लास के साथ समापन हुआ।लोकपर्व पोला त्यौहार के अवसर पर गांव में बोई गई भोजली का ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों और विधि-विधान के साथ विसर्जन किया। भोजली विसर्जन के दौरान गांव का माहौल भक्तिमय और उत्सवमय रहा। इस पर्व के अवसर पर ससुराल से मायके पहुंची बेटियों ने पोरा पटकने की परंपरा निभाते हुए रावण भाठा में पोला पटक। इससे पर्व की रौनक और बढ़ गई। महिलाओं और ग्रामीणों ने जसगीत तथा भोजली गीत गाते हुए पारंपरिक तरीके से भोजली विसर्जन यात्रा निकाली। भोजली गीतों की गूंज से पूरा गांव लोक संस्कृति के रंग में रंगा नजर आया।

भोजली विसर्जन यात्रा गांव के बजरंग चौक होते हुए गांव की विभिन्न गलियों व शक्तिपीठों से निकली।

इस दौरान ग्रामीणों ने ग्राम देवी-देवताओं के स्थानों पर पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओं ने गांव में सुख-शांति, समृद्धि, खुशहाली और अच्छी फसल की कामना की। जगह-जगह पारंपरिक तरीके से पूजा-अर्चना के बाद भोजली विसर्जन की प्रक्रिया आगे बढ़ी। गली भ्रमण और पूजा-अर्चना के बाद ग्रामीण मां भोजली को लेकर महामाया मंदिर स्थित रामसागर तालाब पहुंचकर यहां पारंपरिक रीति-रिवाजों और श्रद्धा के साथ भोजली का विसर्जन किया गया। इस दौरान महिलाओं और ग्रामीणों ने भोजली गीत गाकर मां भोजली को भावपूर्ण विदाई दी। भोजली पर्व के माध्यम से अर्जुनी में एक बार फिर छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, परंपरा, आस्था और सामाजिक एकता की सुंदर झलक देखने को मिली। पूरे आयोजन में ग्रामीणों का उत्साह देखते ही बना और भक्ति व उमंग का माहौल देर तक बना रहा।

देवरीकला में मना भोजली पर्व

कसडोल। कसडोल विकासखंड के समीपस्थ आदर्श ग्राम देवरीकला में छत्तीसगढ़ का पारंपरिक लोक पर्व भोजली अत्यंत हर्षोल्लास और गरिमामय माहौल में मनाया गया। सावन के बाद भाद्रपद कृष्ण प्रतिपदा के इस पावन अवसर पर गांव की महिलाओं और कुंवारी कन्याओं ने भोजली दाई की विशेष पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और अच्छी फसल की कामना की। जानकारी के अनुसार पिछले नौ दिनों से घरों में बोई गई भोजली (अन्नपूर्णा रूप) की सेवा-पूजा की जा रही थी। आज विसर्जन के दिन पूरा गांव उत्सव के रंग में सराबोर नजर आया। इस दौरान रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाएं और युवतियां अपने सिर पर भोजली की टोकरी (टुकनी) लेकर बाजे-गाजे के साथ निकलीं। इस भव्य और गौरवशाली लोक-संस्कृति के आयोजन में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों सहित भारी संख्या में ग्रामीण जन शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य प्रेमलता वैष्णव, ग्राम पंचायत देवरीकला के सरपंच बालेश्वर वैष्णव, उप सरपंच अंजली पैकरा, पंचों में पूजा वैष्णव, रमादेवी यादव, हरिमती केंवट और ग्राम पटेल मनीराम घृतलहरे उपस्थित रहे। इनके साथ ही कोदूराम जांगड़े, अजय यादव, पंकज पैकरा, रामाधर कैवर्त, कुमारदास वैष्णव, सूरज मन दास वैष्णव, डुर्गेश्वर वैष्णव, चिमन पैकरा, साहेब लाल पैकरा, आनंद राम पैकरा, दिलीप पैकरा, चैनसिंह पैकरा, बुधराम जांगड़े, शोभित घृतलहरे, घनश्याम घृतलहरे, बाबू लाल केंवट, भंवर सिंह पैकरा, शुकवारा यादव, अरुण ध्रुव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहकर इस उत्सव के साक्षी बने।





फूफू दीदी बहिनी' खेल प्रतियोगिता में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

खरोरा। ग्राम परसदा (क) में पोरा पर्व के पावन अवसर में लगातार 13 वर्षों से फूफू दीदी बहिनी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है आयोजन समिति के संरक्षक युवा समाज सेवी पूर्व अध्यक्ष सरपंच संघ तिल्दा मिथलेश साहू ने बताया की यह आयोजन सन- 2014 से लगातार प्रति वर्ष महिलाओं के लिए विशेष खेल का आयोजन किया जाता जिससे पोरा तीजा मनाने अपने मायके आई हुई फूफू दीदी बहिनी सभी को एक जगह एक मंच में एकत्रित कर अपनी खेल प्रतिभा के साथ अपने अपने सुख दुख बाटने का अवसर प्रदान करने का मंच बताया है साथ ही छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरा को संजोने यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए युवा साथी सहयोगी ऋषि साहू, नरेन्द्र साहू, बिसाहू साहू, राम साहू, सुबोध सेन, कोमल साहू, चंद्रकांत डहरिया, सरपंच राजूनरोत्तम साहू, खेशराम साहू, हीरामन साहू, सत्यप्रकाश धीवर, अजय सेन, कामदेव साहू, कृष्णा भांचा, इनके द्वारा विशेष योगदान प्रदान करते आ रहे है। मुख्य रूप से इस वर्ष विजेता रहे उषा धीवर, हेमलता साहू, संगीता धीवर, परमेश्वरी, पूर्णिमा, सरिता, बालिका वर्ग लोकेश्वरी, देवश्री, नोमिता, यानी , प्रीति, साथ ही बालक वर्ग का एक मात्र खेल बैल दौड़ में कान्हा और गुलशन ने बाजी मारी सभी प्रतिभागी को पुरस्कार स्वरूप विशेष साड़ी एवं उपहार दिया गया साथ ही सभी विजेता प्रतिभागियों को मिथलेश साहू के पिता जी स्वर्गीय डॉ. भुवन लाल साहू, माता स्वर्गीय भगवंतीन की स्मृति में स्मृति प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया ।

महिलाओं की खेल प्रतियोगिताओं ने बांधा समां, कुर्सी दौड़ में सरिता वर्मा प्रथम



बलौदाबाजार। छत्तीसगढ़ की पारंपरिक संस्कृति और लोक परंपराओं को जीवंत रखने के उद्देश्य से ग्राम रवान में मां महामाया वेलफेयर फाउंडेशन एवं समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में लगातार दसवें वर्ष पोरा तिहार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी गीत-संगीत, लोकनृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ महिलाओं के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी, मां सरस्वती, विघ्नहर्ता भगवान श्रीगणेश तथा नंदी-बैला पोरा चौकी की पूजा-अर्चना से हुआ। इसके बाद छत्तीसगढ़ महतारी वंदना, भारत माता वंदना गीत, भगवान श्रीराम की झांकी, बाबा गुरु घासीदास की पंथी प्रस्तुति तथा आदिवासी नृत्य ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। गांव के शासकीय हाईस्कूल, शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय, भारती विद्या मंदिर, ज्योति विद्यापीठ एवं महामाया पारा की छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छोटे बच्चों की प्रस्तुतियों ने भी दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। महिलाओं ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

खेल प्रतियोगिताओं में इन्होंने मारी बाजी

कुर्सी दौड़ में सरिता वर्मा प्रथम, गायत्री साहू द्वितीय, आशा देवांगन तृतीय, परमेश्वरी वर्मा चतुर्थ और तीजमती साहू पांचवें स्थान पर रहीं। मुंह में पोरा रखकर दौड़ प्रतियोगिता में लता वर्मा प्रथम, कुसुम वर्मा द्वितीय, टिकेश्वरी वर्मा तृतीय, सावित्री साहू चतुर्थ और पांचो निषाद पांचवें स्थान पर रहीं। फुगा फूलो के बांधना प्रतियोगिता में गीता साहू प्रथम, पुष्पा साहू द्वितीय, ईश्वरी साहू तृतीय, श्वेता वर्मा चतुर्थ और भारती वर्मा पांचवें स्थान पर रहीं। केला खाव इनाम पाव प्रतियोगिता में शैलेंद्री वर्मा प्रथम, धनेश्वरी वर्मा द्वितीय, रामेश्वरी वर्मा तृतीय, पार्वती साहू चतुर्थ और बैसाखीन देवांगन पांचवें स्थान पर रहीं।

ग्रामीणों की एकजुटता बनी आयोजन की खासियत

आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। निःशुल्क प्रवेश के साथ ग्रामवासियों के सामूहिक सहयोग से आयोजित यह कार्यक्रम गांव की एकजुटता और छत्तीसगढ़ी संस्कृति के प्रति लोगों के जुड़ाव का उदाहरण बना। मंच संचालन रविशंकर वर्मा एवं पंडित विश्वनाथ शर्मा ने किया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत बलौदाबाजार की सभापति शीतल वर्मा, सरपंच प्रतिनिधि अक्षय भारती, उपसरपंच रोहित वर्मा, पूर्व सरपंच घनश्याम वर्मा, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत वर्मा, नरेश वर्मा, ग्राम पटेल जनकराम साहू, पूर्व उपसरपंच सेवाराम वर्मा, सुशीला ठाकुर, राजकुमारी साहू, उमा साहू सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

सुशील शर्मा ने किया ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा, सदस्यता अभियान पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा



ग्रामपंचायतसुरखी, सेंदरी, बोड़तरा, धुर्राबंधा, अचानकपुर, कोसमंदा का सघन दौरा कांग्रेस नेता पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने करते हुए युवाओं को सदस्यता अभियान तहत सदस्य बनने प्रदेश में चल रहे युवक कांग्रेस चुनाव में मतदान प्रक्रिया से भली भांति पूर्वक अवगत कराया। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्र के किसानों, मजदूरों सहित कांग्रेस जनों से रूबरू होते केंद्र और राज्य की सतासीन भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों से अवगत कराते सरकार की दमनकारी नीतियों से परेशान और भयभीत जनता की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनकर निराकरण करने का आश्वासन दिया, जनता ने कमरतोड़ मंहगाई समय पर खाद बीज नहीं मिलने अघोषित बिजली कौटोती सहित स्मार्ट मीटर से अनाप-शनाप बिजली बिल भुगतान करने से परेशान मोदी और विष्णु साय सरकार को जमकर कोसा। पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने जनता जनार्दन को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी। सुशील शर्मा के गांव पहुंचने पर किसानों ने उनके मंडी नवनिर्मित आधुनिक कृषि ऊपज मंडी सहित गांव-गांव में उल्लेखनीय उपलब्धियों का उल्लेख करते उनके सम्मान में पुष्पहार पहनाकर आतिशबाजी भी ग्रामीण जनों ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अजीत बाजपेयी जिला उपाध्यक्ष, जिला सचिव सचिन शर्मा, युवा नेता राजा तिवारी, फैजान अहमद, कौशल साहू भुनेश्वर शर्मा, टेकराम वर्मा, संतोष साहू, सहित अनेक कांग्रेस जन उपस्थित थे।

शिक्षा अधिकारियों ने ली समीक्षा बैठक योजनाओं के क्रियान्वयन के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी



जिला शिक्षा अधिकारी केएस मेरावी एवं जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा नरेन्द्र वर्मा ने गुरुवार को प्राचार्य एवं संकुल शैक्षिक समन्वयकों की बैठक बृजलाल वर्मा शासकीय महाविद्यालय पलारी में ली। बैठक मे विकासखण्ड पलारी के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक समग्र शिक्षा, संकुल प्राचार्यों एवं संकुल शैक्षिक समन्वयकों, समस्त अशासकीय शालाओं के प्राचार्य एवं प्रधानपाठकों का विभाग एवं समग्र शिक्षा अंतर्गत संचालित विभिन्न एजेन्डाओं पर समीक्षा की गई। इसमें प्रमुख रूप से प्रशस्त एप, स्वच्छ एवं हरित विद्यालय, एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत पेड़ लगाने की समीक्षा, नशा मुक्त विद्यालय की जानकारी, अपार आईडी की जानकारी, बालवाड़ी की जानकारी, आईसीटी योजना की जानकारी, यू डाइस की जानकारी, शिक्षकों की प्रोफाईल एन्ट्री, स्कूल प्रोफाईल एन्ट्री, ड्राप बाक्स में बच्चों को इम्पोर्ट करना संबंधी सभी प्राचार्यों एवं संकुल शैक्षिक समन्वयकों से जानकारी ली गई। साथ ही जेम पंजीयन की जानकारी पर चर्चा, एसएनए स्पर्श पर चर्चा, आईसीटी योजना, रंगाई पोताई, निरीक्षण पर चर्चा, व्हीएसके 2.0 नवीन वर्जन पर चर्चा, लईका चिन्हारी एप बच्चों के सर्वे पर चर्चा, एफएलएन कीट का नियमित उपयोग पर चर्चा, एफएलएन को सभी स्कूलों में 100 प्रतिशत प्राप्ति के लक्ष्य पर चर्चा, सभी संकुल प्राचार्यों एवं संकुल शैक्षिक समन्वयकों को शालाओं का नियमित निरीक्षण कर राज्य एवं जिले द्वारा चाही गयी वांछित जानकारी समय-समय पर उपलब्ध कराये जाने निर्देशित किया गया।

मेहनतकश महिलाओं की सेवा को बताया सच्ची श्रद्धांजलि

मालूराम शर्मा की पुण्यतिथि पर सेवा कार्य कचरा सेंटर की दीदियों को बांटे रेनकोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा



लोकतंत्र सेनानी एवं वरिष्ठ जनसंघ नेता स्व. पंडित मालूराम शर्मा की द्वितीय पुण्यतिथि पर शनिवार को तिल्दा-नेवरा नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 14, 3 एवं 22 स्थित कचरा सेंटरों में सेवा कार्य आयोजित किया गया। इस दौरान कचरा सेंटर में कार्यरत महिलाओं को बारिश के मौसम में काम करने में सुविधा हो, इसके लिए रैनकोट वितरित किए गए। कार्यक्रम लोकतंत्र प्रहरी छत्तीसगढ़ के रायपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष सौरभ जैन एवं प्रदेश महामंत्री पंडित नरेंद्र मालूराम शर्मा, वार्ड क्रमांक 20 के पार्षद संतोष यदु, अमरजीत पासवान तथा नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमिताभ शर्मा के आतिथ्य में आयोजित हुआ। वार्ड क्रमांक 21 की पार्षद रानी सौरभ जैन ने कचरा सेंटर में कार्यरत महिलाओं को रैनकोट प्रदान किए। इस अवसर पर स्व. पंडित मालूराम शर्मा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए उनके सामाजिक, राष्ट्रवादी एवं लोकतांत्रिक योगदान को स्मरण किया गया। स्व. शर्मा नेवरा के वरिष्ठ जनसंघ नेता, समाजसेवी और लोकतंत्र सेनानी रहे। आपातकाल के दौरान वे रायपुर जेल में 21 माह तक बंदी रहे। स्व. शर्मा का राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद, सरस्वती शिशु मंदिर सहित विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों से भी गहरा जुड़ाव रहा। उन्होंने जीवनभर समाजहित और राष्ट्रसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कहा कि स्व. मालूराम शर्मा का जीवन राष्ट्रसेवा, सामाजिक सरोकार और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समर्पण का प्रेरणादायी उदाहरण है। उनकी पुण्यतिथि पर मेहनतकश महिलाओं के लिए सेवा कार्य करना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। अंत में उपस्थित लोगों ने स्व. पंडित मालूराम शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके आदर्शों और सेवा भावना को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।



खबर संक्षेप



रिसदा स्कूल के पूर्व छात्र शिवम वर्मा नीट में सफल विद्यालय में हुआ सम्मान

बलौदाबाजार। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रिसदा में पूर्व छात्र शिवम वर्मा के नीट-2026 में चयन एवं शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कांकेर में प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने पर विद्यालय परिवार ने सम्मान समारोह आयोजित कर उनका अभिनंदन किया। इस दौरान शिवम को मेडल पहनाकर बुके एवं मोमेंटो भेंट किया गया। वर्ष 2018-19 बैच के छात्र रहे शिवम ने धैर्य, संयम और एकाग्रता के साथ यह सफलता हासिल की। नीट में सफलता में विलंब होने पर उन्होंने बीएससी में प्रवेश लेकर प्रथम वर्ष की पढ़ाई पूरी की, लेकिन डॉक्टर बनने के लक्ष्य को कायम रखते हुए पढ़ाई बीच में छोड़कर पुनः नीट की तैयारी शुरू की। री-नीट परीक्षा में 526 अंक हासिल कर उन्होंने अपने लक्ष्य को साकार किया। विद्यालय में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिवम ने अपने अध्ययनकाल के अनुभव साझा किए तथा नीट एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत और लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के शिक्षकों ने शिवम को उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सम्मान समारोह में वरिष्ठ शिक्षक अनिल कुमार बंजारे, दीपचंद बंजारे, रमेश कुमार नेगी, रूपनारायण साहू, नंद कुमार मल्होत्रा, सनत खरे सहित शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर सामूहिक गायन 25 को

खरोरा। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, खरोरा में 'वंदे मातरम्' की 150वीं वर्षगांठ पर 25 सितंबर को सामूहिक गायन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। विद्या भारती एवं भारतीय शिक्षा संस्थान की योजना के तहत सुबह 11 बजे विद्यालय परिसर में कार्यक्रम होगा। इसमें अभिभावकों, विद्यार्थियों, पूर्व छात्रों, मातृशक्ति, सामाजिक-धार्मिक संगठनों के कार्यकर्ताओं सहित नागरिकों से सहभागिता की अपील की गई है। विद्यालय में सामूहिक गायन का अभ्यास जारी है तथा पंजीयन एवं हस्ताक्षर अभियान भी चलाया जा रहा है। प्राचार्य अश्वनी पाटकर एवं विद्यालय प्रबंधन ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है।

निधन

मालिकराम पाटकर

खरोरा। ग्राम खौली निवासी मालिकराम पाटकर का 90 वर्ष का 11 सितंबर को निधन हो गया।उनका अंतिम संस्कार गांव के स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।



गणेश उत्सव की तैयारियां तेज, मूर्तिकार प्रतिमाओं को दे रहे अंतिम रूप

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी -रावण

हिरमी गणेश उत्सव को लेकर क्षेत्र में तैयारियां जोर पकड़ने लगी हैं। श्रद्धालुओं के घरों, दुकानों और सार्वजनिक स्थानों पर भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापना की तैयारी की जा रही है। वहीं मूर्तिकार भी प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। हिरमी में स्थानीय कारीगर ईश्वर चक्रधारी इन दिनों गणेश प्रतिमाओं को आकर्षक रूप देने में व्यस्त हैं।मूर्तिकार ईश्वर चक्रधारी ने बताया कि वे कई वर्षों से गणेश प्रतिमाएं बनाने और उन्हें सजाने का कार्य कर रहे हैं। इस बार भी भक्तों की पसंद और मांग के अनुसार अलग-अलग आकार एवं आकर्षक रूप वाली प्रतिमाएं तैयार की गई हैं। प्रतिमाओं पर रंग-रोगन के साथ मुकुट, आभूषण और अन्य सजावटी कार्य बारीकी से किए जा रहे हैं। उनका कहना है कि प्रतिमा को सुंदर और आकर्षक बनाने के साथ प्राकृतिक रंगों के उपयोग पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।गणेश उत्सव को लेकर हिरमी सहित आसपास के गांवों में भी उत्साह का माहौल है। 14 सितंबर को गणेश प्रतिमा स्थापना को लेकर क्षेत्र में अभी से उत्सव जैसा माहौल बन गया है।श्रद्धालु अपनी पसंद की प्रतिमाएं खरीदने के लिए मूर्तिकारों और दुकानों तक पहुंच रहे हैं। घरों के अलावा चौक-चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर भी गणेश प्रतिमा स्थापना के लिए तैयारियां चल रही हैं।



शांति नगर के राजा का प्रथम आगमन कल

पलारी। गणेश चतुर्थी 14 सितंबर से प्रारंभ हो रहा है जिसे लेकर खासा उत्साह दिख रहा है। वहीं खास तरह की तैयारी की जा रही है। वहीं वीर शिवाजी वार्ड क्रमांक 12 स्थित शांति नगर के राजा का भव्य प्रथम आगमन रविवार, 13 सितंबर को शाम 6 बजे एक नए अंदाज में किया जाएगा। शांति नगर परिवार द्वारा आयोजित इस विशेष आयोजन में नगरवासियों एवं श्रद्धालुओं से बड़ी संख्या में उपस्थित होकर शांति नगर के राजा के भव्य स्वागत में शामिल होने की अपील की गई है। आयोजन समिति ने कहा कि यह प्रथम आगमन सभी के लिए श्रद्धा, उत्साह और आकर्षण का विशेष अवसर होगा। वहीं इस वर्ष आयोजन को और खास बनाने के लिए वीडियो क्रिएटर्स के लिए विशेष प्रतियोगिता भी रखी गई है। प्रथम आगमन से लेकर अंतिम क्षण तक प्रतिभागी अपने-अपने अंदाज में वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा कर। सबसे ज्यादा वायरल होने वाले वीडियो को शांति नगर समिति की ओर से 1,000 का शानदार पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।समिति ने युवाओं और वीडियो क्रिएटर्स से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर अपनी रचनात्मकता दिखाने की अपील की है। शांति नगर में तैयारियां जोरों पर हैं और लोगों में कार्यक्रम को लेकर उत्साह है।

अमोरा आंगनबाड़ी में लापरवाही, सुपरवाइजर व कार्यकर्ता को नोटिस के निर्देश

आंगनबाड़ी एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की व्यवस्थाओं का कलेक्टर ने जायजा लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने शनिवार को पलारी विकासखंड के आंगनबाड़ी एवं स्वास्थ्य केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र अमेरा के निरीक्षण के दौरान परिसर मे रखे कचरे के ढेर एवं भवन की स्थिति को देख कर नाराजगी व्यक्त की।केन्द्र मे उपस्थित बच्चों की संख्या औऱ ऑनलाइन दर्ज उपस्थिति मे काफी अंतर होने पर सेक्टर सुपरवाइजर औऱ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।



कलेक्टर श्री शर्मा ने कार्यकर्ता से केन्द्र मे दर्ज बच्चों की संख्या, कुपोषित बच्चों की संख्या एवं पौष्टिक लड्डू वितरण,एनआरसी मे भर्ती के सम्बन्ध मे जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया की सभी कुपोषित बच्चों को लड्डू अवश्य खिलाएं, गृह भेंट कर अभिभावकों को बच्चों की सेहत, पोषण की जानकारी दें। उन्होंने केन्द्र मे रखे पौष्टिक लड्डू का स्वयं टेस्ट किया औऱ उपस्थित बच्चों को वितरित किया।उन्होंने बाउंड्रीवाल को ठीक कराने औऱ साफ़ -सफाई दुरुस्त करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने आंगनबड़ी केन्द्र कोसमंदी के निरीक्षण के दौरान बच्चों से कविता सुनाने कहा औऱ उन्हें चॉकलेट दी। उन्होंने कार्यकर्ता औऱ सहायिका को अधिक से अधिक संख्या मे बच्चों की उपस्थिति, ऑनलाइन एप्प पर सही संख्या दर्ज करने,गंभीर कुपोषित बच्चों को एनआरसी मे भर्ती कराने के निर्देश दिये।

बेहतर सुविधा और ईलाज मुहैया कराने के निर्देश

इसके पश्चात कलेक्टर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोसमंदी एवं अमेरा का भी निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्र मे प्रति दिन ओपीडी संख्या, प्रतिमाह डिलवरी, दवाइयों की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने सभी कक्षों मे साफ-सफाई एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया औऱ लोगों को बेहतर सुविधा औऱ ईलाज मुहैया कराने के निर्देश दिये। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, एसडीएम दीपक निकुंज, सीएमएचओ डॉ.राजेश अवस्थी, डीपीओ अतुल परिहार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

गणेशोत्सव को लेकर सिमगा थाने में विसर्जन मार्ग व सुरक्षा पर चर्चा



सिमगा। गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में थाना परिसर सिमगा में शान्ति समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा के साथ ही गणेश चतुर्थी का पर्व शान्ति एवं सौहार्दपूर्ण मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रमुख रुप से गणेश विसर्जन के समय एवं मार्ग का विशेष रुप से निर्धारण किया गया। खासकर नदी में विसर्जन के समय सावधानी रखने क्रेन की व्यवस्था व नशे से दूर रहने की अपील की गई । शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल के साथ ही समितियों द्वारा वालेंटियर की भी व्यवस्था पर चर्चा हुई। बैठक में प्रमुख रुप से नगर पालिका अध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया, बहोरन लाल ताम्रकार, अमृत पंजवानी, पार्षद प्रियंका अनूप तिवारी, टेबू देवांगन, परदेशी सोनकर, विष्णु जायसवाल, करण भाटिया, तहसीलदार अनुराग भट्ट, थाना प्रभारी धीरेन्द्र दुबे, सीएमओ शशिभूषण श्रीवास्तव सहित गणेश उत्सव समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

विधि कॉलेज भाटापारा में स्वदेशी उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन आयोजित



भाटापारा। गोविंद सारंग शासकीय विधि महाविद्यालय भाटापारा में राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग के अन्तर्गत स्वदेशी उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यवक्ता के रूप में डॉ. जयनाराण केशरवानी, पूर्व प्राचार्य शासकीय डीके स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डॉ. शीला शर्मा, स्वदेशी जागरण मंच महिला प्रमुख, दिग्विजय भाखरे, स्वदेशी जागरण मंच ने अपने विचार रखे, वक्ताओं द्वारा विद्यार्थियों को स्वदेशी उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन के प्रति जागरूक करते हुए विकास कौशल के माध्यम स्टार्टअप इंडिया और वोकल फॉर लोकल की जानकारी दी। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के विधि विभागाध्यक्ष डॉ. राम आशीष श्रीवास्तव ने अपने विचार रखे मंच का कुशल संचालन अमीर हैदर हैदरी ने किया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम प्रभारी अफरोज कुरैशी ने कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। डॉ. ऋषिराज पाण्डेय, डॉ. महेन्द्र कुमार शर्मा, डॉ. किरण चन्द्राकर एवं महाविद्यालय के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

अंबुजा विद्यापीठ में उत्साहपूर्वक मनाया गया हिंदी दिवस, लगी साहित्य प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

अंबुजा विद्यापीठ, रवान में हिंदी दिवस के अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन एवं उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद प्राचार्य, उपप्राचार्य एवं समन्वयकों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शुरुआत को मनमोहक बना दिया। वाणिज्य संकाय की शिक्षिका सुरेखा सोनी ने हिंदी भाषा के महत्व और उपयोगिता पर प्रेरणादायी वक्तव्य दिया। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने नृत्य



नाटिका, पद गायन और कविता पाठ की प्रस्तुतियां दीं। प्रस्तुतियों को उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने सराहा। कक्षा दसवीं की छात्राएं पूर्वा भट्टर एवं प्रगति केशरवानी ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। विद्यालय परिसर में हिंदी भाषा एवं साहित्य पर आधारित विशेष प्रदर्शनी भी लगाई गई, जो विद्यार्थियों के आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. संजय कुमार पाण्डेय ने विद्यार्थियों को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए दैनिक जीवन में हिंदी के अधिकाधिक उपयोग और सम्मान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि भाषा हमारी संस्कृति और विचारों की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है, इसलिए विद्यार्थियों को अपनी भाषा के प्रति गौरव का भाव रखना चाहिए। कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ हिंदी एवं संस्कृत शिक्षकों देवी प्रसाद तिवारी, डॉ. विनोद कुमार शुक्ला, डॉ. देवेंद्र कुमार जायसवाल, बाल्मीकि त्रिवेदी, पूनम पाण्डेय, रेणु तिवारी, रश्मि श्रीवास्तव, डॉ. अनुराधा श्रीवास्तव एवं सुलोचनी टिकरिहा के दिशा-निर्देशन में हुआ। अंत में हिंदी विभागाध्यक्ष गंगोत्री मिश्रा ने अतिथियों, शिक्षकों, कार्यालयीन कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

सतनामी समाज के रंगमंच निर्माण का इन्द्र साव ने किया भूमिपूजन



भाटापारा। विधायक इन्द्र साव ने ग्राम कुम्हरखान में सतनामी समाज की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करते हुए रंगमंच निर्माण कार्य का विधि-विधान से भूमिपूजन किया। इस विकास कार्य के होने से स्थानीय ग्रामीणों और विशेषकर सतनामी समाज में भारी हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर आयोजित गरिमामयी कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक इन्द्र साव ने कहा कि समाज के सामाजिक और सांस्कृतिक विकास के लिए बुनियादी सुविधाओं का होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस रंगमंच के निर्माण से समाज को आने वाले समय में जयंती, सामाजिक बैठकों, सांस्कृतिक आयोजनों और अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रमों को सुचारू रूप से संपन्न करने में बड़ी सुविधा होगी। विधायक इन्द्र साव ने अपने उद्बोधन में सामाजिक एकजुटता पर विशेष बल देते हुए कहा, रंगमंच केवल एक भवन नहीं, बल्कि समाज को एक सूत्र में पिरोने और मजबूत करने का माध्यम बनेगा। हमें मिलकर समाज को प्रगति के पथ पर आगे ले जाना है और आपसी भाईचारे को सुदृढ़ करना है। कार्यक्रम में सतनामी समाज के प्रमुख पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

शासकीयकरण की मांग को लेकर लामबंद होने लगे पंचायत सचिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

पंचायत सचिवों के शासकीयकरण की लंबे समय से चली आ रही मांग अब एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। पंचायत सचिवों का कहना है कि विधानसभा चुनाव के दौरान कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों और घोषणाओं में पंचायत सचिवों के शासकीयकरण प्रमुखता से सामने आया था। इसे मोदी की गारंटी से जोड़कर देखा गया था लेकिन लंबे समय बीत जाने के बाद भी मांग पूरी नहीं होने से पंचायत सचिवों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। प्रदेश पंचायत सचिव संघ के कार्यकारी जिलाध्यक्ष हरिकिशन वर्मा ब्लाक अध्यक्ष अग्नि कुमार निर्मलकर सहित पंचायत सचिवों का कहना है कि ग्राम पंचायतों में शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सचिवों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। जन्म-मृत्यु पंजीयन, ग्राम सभा का आयोजन, पंचायत संबंधी अभिलेखों का संधारण,विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन, हितग्राहियों के आवेदन एवं सत्यापन सहित अनेक महत्वपूर्ण कार्य पंचायत सचिवों के माध्यम से संपादित किए जाते हैं। इसके बावजूद सेवा शर्तों एवं भविष्य की सुरक्षा को लेकर पंचायत सचिव लंबे समय से शासकीयकरण की मांग कर रहे हैं। सचिवों का आरोप है कि विभिन्न अवसरों पर उनकी मांगों को लेकर सरकार और संबंधित विभाग के अधिकारियों के समक्ष चर्चा हुई आश्वासन भी मिले लेकिन ठोस निर्णय अब तक सामने नहीं आया है।

शासकीय योजनाओं की रीढ़ हैं पंचायत सचिव

पंचायत सचिवों का कहना है कि सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों को गांव-गांव तक पहुंचाने में वे महत्वपूर्ण कड़ी हैं, इसलिए उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। आगे कहा कि यदि शासन द्वारा शीघ्र पंचायत सचिवों के शासकीयकरण की प्रक्रिया शुरू नहीं की गई तो प्रदेशभर के पंचायत सचिव आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होंगे। संघ द्वारा चरणबद्ध आंदोलन की रणनीति तैयार किए जाने की बात कही गई है।इसमें शासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए ज्ञापन, धरना-प्रदर्शन तथा अन्य लोकतांत्रिक माध्यमों से विरोध दर्ज कराने की तैयारी की जा रही है।

धान के स्थान पर दलहन-तिलहन की खेती पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिरसाना नाला

कृषक उन्नति योजना के तहत धान के बदले दलहन तिलहन ब अन्य वैकल्पिक फसलों को लेकर एक बार फिर सै तैयारी की गईं है। इस सबध मे कृषि विभाग द्वारा शुक्रवार को कृषि विभाग बिलाईगढ़ मे वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, कृषि विकास अधिकारी व समस्त ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी की बैठक ली गई। उप संचालक कृषि आशुतोष श्रीवास्तव ने बैठक मे कहा की धान के बदले दलहन तिलहन एवं अन्य फसल लगाए हुए कृषकों का



पंजीयन करा कर कृषकों को लाभान्वित करें ताकि । धान के बदले फसल उगाने वाले किसानों को विशेष रुप से समझाइस देकर अन्य फसल लगाने के लिए जोर देने को कहा गया ताकि किसानों को कृषक उन्नति योजना के तहत 15000 प्रति एकड़ आदान सहायता राशि मिल सके। इसके लिए किसानां से सतत सम्पर्क करने के निदेश दिए। पी एम किसान सम्मान निधि अंतर्गत एग्री स्टेक, ई के सी, लैंड सीडिंग, आधार सीडिंग, की सभी लंबित कार्य को यथाशीघ्र से पुर्ण करने को कहा इसी तारतम में मौसम में बदलाव को देते हुए कीट व्याधि के प्रकोप के नियंत्रण हेतु सतत रूप से फील्ड भ्रमण कर किसानों को कीट व्याधि नियंत्रण के लिए किसानों को समसामयिक सलाह देने एवं समस्त प्रकार की विभागीय योजना अंतर्गत कृषि मैप मे एंट्री कर पॉलीगनी करने की सख्त निर्देश दिया गया साथ उपस्थिति कृषि विकास अधिकारी को निजी विक्रेताओं के सतत निरीक्षण कर मिस ब्रांडिंग कंपनियों की दवा पर सख्त कार्यवाही करने की निर्देश दिया गया है ।

घुंचापाली कला में महिला के साथ मारपीट

महासमुंद। ग्राम घुंचापाली कला में एक महिला के साथ मारपीट किए जाने के मामले में तीन लोगों के विरूद्ध बागबाहरा थाने में अपराध दर्ज किया गया है। घुंचापाली कला की सुमन बाई पति संतोष चंद्राकर (42 साल) ने बागबाहरा थाने में की गई शिकायत में बताया कि उसके सास ससुर ने पति संतोष चंद्राकर एवं जेठ मोहन चंद्राकर को अपनी संपत्ति (घर, खेत) का आधा-आधा हिस्सा बंटवारा दिया है। तथा वह अपने परिवार के साथ अपने हिस्से के मकान मे रहती है। जेठ मोहन चंद्राकर, पंकज चंद्राकर, राजकुमार चंद्राकर द्वारा मेरे घर के कमरे की दीवार को अनावश्यक रूप से जबरदस्ती 08/07/2026 को हम लोग रहेगे कहकर तोड़ा दिया। जिसे लेकर 11/07/2026 को गांव में पंचायत बुलाई थी, जिसमें ग्राम प्रमुखों एवं पंचायत के सदस्यों के द्वारा समझाने पर भी नहीं माने और गांव में पंचायत द्वारा बनाए पंचनामा मे हस्ताक्षर करने से मना करते हुए अपने घर चले गये। इसके बाद 21/07/2026 को सरपंच के साथ थाना बागबाहरा आकर शिकायत करने पर दोनो पक्षो को बुलाने के बाद ग्राम प्रमुखों के सामने जो दरवाजा खोला है, उसको बंद करने, विवाद नहीं करने, अपने-अपने हिस्से के घर में रहने की बात पर दोनो पक्ष उसी दिन आपसी राजीनामा हुए थे। महिला ने पुलिस को बताया कि राजीनामा के बाद भी आज तक दरवाजा को बंद नहीं किया गया है और 11 सितंबर की सुबह 8 बजे फिर कमरे के सभी सामान को परछी मे फेंककर हम लोग यहीं रहेगे कहकर घुस गये थे, मना करने पर प्रार्थिया को ईंट फेंककर मारपीट किया। साथ ही गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। मामले में रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।





